गुरुवार
01 फरवरी 2024
केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण
आपकी आवाज


40 लाख हड़पने के लिए पेट्रोल पंप संचालक की हत्या कराना चाहता था पंप का मैनेजर
3



# यूपी बोर्ड परीक्षा: केंद्र व्यवस्थापकों को मास्टर्स ट्रेनर दे रहे प्रशिक्षण

- हर जिले के लिए 3 मास्टर्स ट्रेनर्स किए गए नियुक्त

केटी न्यूज/लखनऊ

यूपी बोर्ड की परीक्षाओं को लेकर एक बार फिर योगी सरकार ने कमर कस ली है। पिछली बार की तरह ही इस बार भी लक्ष्य नकलविहीन परीक्षाओं का आयोजन कराना है। इसके लिए पुरानी व्यवस्थाओं के साथ-साथ नवीन पहल भी की जा रही हैं। इस बार केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षाओं की समुचित व्यवस्था देखने के लिए मास्टर्स ट्रेनर्स के माध्यम से ट्रेंड किया जा रहा है। उन्हें परीक्षाओं से जुड़ी एक से एक बारीक बातों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि परीक्षा में कोई त्रुटि न हो। यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 22 फरवरी से शुरू हो रही हैं जो 9 मार्च तक चलेंगी।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने बताया कि बोर्ड परीक्षा में कुछ नए इनीशिएटिव्स लिए जा रहे हैं। प्रदेश के सभी 75 जनपदों में यह प्रशिक्षण चल रहा है। प्रत्येक जिले के लिए तीन मास्टर्स ट्रेनर्स की नियुक्ति की गई है, जो ऑडियो-वीडियो प्रेजेंटेशन के माध्यम से केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षाओं से संबंधित हर बारीक जानकारी मुहैया करा रहे हैं। इसमें उन्हें नकल रोकने, व्यवस्था बनाए रखने, प्रश्नपत्रों की सिक्योरिटी, उत्तर पुस्तिकाओं की देखरेख समेत अन्य सभी महत्वपूर्ण विषयों के बारे में प्रशिक्षित किया जा रहा है।

# परंपरागत खेती के अलावा कृषि विविधिकरण अपनाने से बढ़ी किसानों की आय

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीमैप द्वारा आयोजित किसान मेला का किया उद्घाटन
- कहा- पहले की सरकारों में किसान करते थे आत्महत्या, संसद के हर सत्र में उठता था मुद्दा
- हमारी सरकार ने उत्तर प्रदेश के किसानों को औषधीय खेती और बागवानी से भी जोड़ा

केटी न्यूज/लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले की सरकारों में किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य नहीं मिल पाता था। संसद के हर सत्र में किसानों की आत्महत्या का मुद्दा उठता था। 2014 में देश की बागडोर संभालते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र ने 2022 तक किसानों की आमदनी दोगुनी करने का लक्ष्य रखा। इसके लिए उन्होंने सॉइल हेल्थ कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा, कृषि सिंचाई, किसान सम्मान निधि जैसी कई योजनाएं शुरू कीं और किसानों को वैज्ञानिक शोध एवं इनोवेशन से जोड़ा। इसी का परिणाम है कि वर्ष 2018 से अन्नदाता किसानों को उनकी लागत का डेढ़ गुना दाम मिलना प्रारंभ हुआ।

सीएम योगी ने बुधवार को पिकनिक स्पॉट रोड स्थित केन्द्रीय औषधि एवं सगन्ध पौधा संस्थान (सीमैप) द्वारा आयोजित ₹किसान मेला₹ का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि देश के अन्य राज्यों का किसान प्रधानमंत्री मोदी के विजन के अनुरूप परंपरागत खेती के अलावा कृषि विविधिकरण भी अपना रहा है। इससे उनकी आय दोगुनी हुई है। सीएम योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने उत्तर प्रदेश के किसानों को औषधीय खेती और बागवानी से भी जोड़ा है। उनके हर्बल प्रोडक्ट्स को प्रमोट कर रही है। इससे उत्तर प्रदेश का किसान अपने उत्पाद का कई गुना दाम प्राप्त कर रहा है। यह अन्नदाता किसानों के जीवन में परिवर्तन का एक बड़ा माध्यम बना है।

सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की भूमि अत्यंत उर्वरक है। साथ ही यहां प्रचुर मात्रा में जल की उपलब्धता है। उन्होंने कहा कि देश की 16 फीसदी आबादी उत्तर प्रदेश में रहती है। 11 फीसदी कृषि योग्य भूमि होने के बावजूद 22 फीसदी से अधिक खाद्यान्न का उत्पादन अकेले उत्तर प्रदेश करता है। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में हमारे 89 कृषि विज्ञान केंद्र हैं। चार राज्य कृषि विश्वविद्यालय हैं और पांचवां स्थापित होने जा रहा है। कृषि, बागवानी और आयुष से जुड़े ऐसे तमाम संस्थान प्रदेश में मौजूद हैं। सीमैप निरंतर इन संस्थानों की विजिट करे। इससे संस्थानों में नवाचार और शोध को बढ़ावा मिलेगा।

**प्रदर्शनी का उद्घाटन किया:** सीएम योगी ने मेले में प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। साथ ही मेले में लगे स्टालों का अवलोकन किया और किसानों से बातचीत भी की। मेले में 15 राज्यों से ज्यादा के चार हजार से ज्यादा किसान शामिल हुए। औषधीय पौधों की खेती करने वाले किसानों के लिए सीमैप एक एरोमा मिशन एप भी लांच करेगा, जो किसानों और इंडस्ट्री के बीच एक ब्रिज का काम करेगा।

कार्यक्रम में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, सीएसआई-आर सीमैप के महानिदेशक डॉ. एन कलैसेल्वी समेत बड़ी संख्या में देश के विभिन्न राज्यों एवं प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए किसान मौजूद थे।

## एनडीए की सरकार बनने के बाद सीएम ने निकाली भड़ास

# काम हमलोग कर रहे थे, क्रेडिट ले रहे थे राजद के लोग: नीतीश

- लालू पर बोला बड़ा हमला, कहा- इन लोगों का जब शासन था तब लोग शाम में पांच बजे के बाद घर से बाहर निकलने से परहेज करते थे

केटी न्यूज/पटना



बिहार में एनडीए की सरकार बनने के बाद पहली बार सीएम नीतीश कुमार खुल कर बोले हैं। सीएम ने कहा कि - बिहार में काम हमलोग कर रहे थे और क्रेडिट राजद वाले ले रहे थे। हम विकास के लिए लगातार काम कर रहे, रोजगार की बात पहले से होती रही है। हम तो चाहते थे कि सब काम अच्छा से हो लेकिन कुछ काम करने पर भी वो लोग अकेले क्रेडिट ले रहे थे। अब हम अच्छी जगह आ गए हैं और मिलकर काम करेंगे। कहां क्या हो रहा है यह तो सब लोग जानता है। व्यक्तिगत रूप से ना तो हमने लालू यादव से और ना ही तेजस्वी यादव से इस मामले में कोई सवाल पूछा है और ना ही उन लोगों ने कुछ बताया है। नीतीश कुमार ने कहा कि हम लोग पूरे बिहार के विकास के लिए हमेशा काम में लग रहे है और अभी भी लगे हुए हैं।

राहुल गांधी की तरफ से जातीय जनगणना को लेकर उठाए गए सवाल पर नीतीश कुमार ने कहा कि आप खुद सोच लीजिए इससे फालतू वह क्या बोल सकते हैं। यह सब काम तो हमने किया है ना उस समय तो राहुल गांधी दूसरी तरफ थे। अब कोई अपनी झूठ में अपना क्रेडिट लेते रहता है तो क्या ही कहा जा सकता है। इसके अलावा नीतीश कुमार ने कहा कि हमने कितनी बहाली करवाई है कितने लोगों को रोजगार दिया है। यह बात है किसी से छुपी हुई नहीं है। यह सब मेरा सात निश्चय दो के तहत पहले से तय था। इसके बावजूद कोई से खुद का काम बता रहा है तो फिर क्या ही उसे पर कहा जा सकता है। वह तेजस्वी यादव के 17 महीने और 17 साल वाले बयान पर कहा कि यह सब फालतू बात है कितने लोगों को रोजगार मिलता है।

2005 से पहले बिहार में कैसी पढ़ाई होती थी यह कोई भूल नहीं गया है। इन लोगों का जब शासन था तब लोग शाम में 5:00 बजे के बाद घर से बाहर निकलने से परहेज करते थे। तेजस्वी यादव तो बच्चा थे उनको नहीं मालूम है उनको पूछना चाहिए। 2005 से पहले किसी को इलाज के लिए पैसे मिलते थे क्या हमारी सरकार आई तभी लोगों को इलाज के लिए पैसे देने की योजना लाई गई। उससे पहले क्या होता था वह किसी से छुपा हुआ नहीं है वह तो बच्चा है उसको अभी जानकारी नहीं है।

सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि - राजद के लोग के तरफ से टीचर भर्ती को लेकर जो क्रेडिट लिया जा रहा है बिल्कुल गलत है। वह मेरा विजिन था। उनसे पूछिए जरा जाकर 2005 से पहले कितने टीचरों की बहाली होती थी। 2005 से पहले बिहार की हालत क्या थी कोई निकलता नहीं था।घरों से सड़कों की हालत क्या थी, कहीं कोई पूल पुलिया नहीं बनता था। तेजस्वी यादव का नाम लिए बिना सीएम ने कहा कि- अभी वह बच्चा है। उधर, इंडी गठबंधन को लेकर सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि अब हमको उससे क्या मतलब है? हम तो जब साथ थे तो दूसरा नाम रखने के लिए कह रहे थे उन लोगों को। लेकिन बात नहीं माने। हम तो बहुत कुछ कह रहे थे एक काम भी लोग नहीं किया। आज तक तय किया है वो लोग की कौन पार्टी कितना सीट पर चुनाव लड़ेगी। अब जिनके साथ हम पहले थे उनके साथ वापस आ गए हैं और एक बात जान लीजिए अब हम सब दिन इधर रहेंगे कहीं नहीं जाएंगे।



## सीएम नीतीश से मिले पावर स्टार पवन सिंह, आरा से लड़ सकते हैं लोकसभा का चुनाव

**पटना।** भोजपुरी अभिनेता और पावर स्टार के नाम से मशहूर पवन सिंह ने बुधवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की है. चर्चा इस बात की है कि पवन सिंह लोकसभा का चुनाव लड़ना चाहते हैं और इसी सिलसिले में उन्होंने नीतीश कुमार से मुलाकात की। पवन सिंह जब मुख्यमंत्री से मुलाकात कर के निकले तो उनसे पत्रकारों ने सवाल भी किया। उन्होंने पत्रकारों के चुनाव लड़ने से जुड़े सवाल पर कहा कि सब समय बताएगा। उसके बाद पवन सिंह बिहार सरकार के मंत्री सुमित सिंह के आवास पर पहुंचे। लोकसभा चुनाव लड़ने को लेकर पवन सिंह ने कहा कि जैसा आदेश होगा वैसा किया जाएगा। पवन सिंह ने कहा कि जो भी होगा वह समय से हो जाएगा, जो होगा अच्छा होगा। सभी से मिल कर आशीर्वाद ले रहा हूं। नीतीश कुमार से भी आशीर्वाद लिया अच्छा लगा मिला कर मुख्यमंत्री से। पवन सिंह ने कहा कि मेरी कई फिल्में आ रही हैं, उन पर काम कर रहा हूं। मैं चाहता हूं अपने घर बिहार में काम करूं। दिल से इच्छा है कि घर में ही काम करें। इस मसले पर सरकार से भी बात करूंगा। मालूम हो कि पवन सिंह भोजपुर जिला के रहने वाले हैं और उनके फैंस चाहते हैं कि वो लोकसभा चुनाव में आरा सीट का प्रतिनिधित्व करें।

## आज से बदल रहे हैं कई नियम



**नई दिल्ली।** फरवरी माह की पहली तारीख से कई नए नियम लागू होंगे, जो सीधे आपकी जेब पर असर डाल सकते हैं। अगर आपने अभी तक अपने फोर व्हीलर से संबंधित फास्टेग के केवाईसी का काम पूरा नहीं किया है तो आपकी परेशानी बढ़ जाएगी। क्योंकि ऐसे लोगों के फास्टेग को बैन कर दिया जाएगा या उन्हें ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने फास्टेग को आधार कार्ड से लिंक करने के लिए आखिरी तारीख 31 जनवरी 2024 तय की थी। वहीं यदि आप ऑनलाइन ट्रांसजेक्शन करते हैं तो यह आपके लिए लिए राहत देने वाली खबर हो सकती है। आरबीआई ने आम आदमी को राहत देते हुए अब आईएमपीएस नियमों में बड़ा बदलाव किया है। अब बैंक खाताधारक बेनिफिशरी का नाम जोड़े बिना बैंक खाते से 5 लाख रुपए तक ट्रांसफर कर सकेंगे।

1 फरवरी 2024 से एनपीएस नियमों में भी बदलाव हो जाएगा। 12 जनवरी, 2024 को PFRDA ने NPS आंशिक निकासी के संबंध में एक सर्कुलर जारी किया। इस सर्कुलर में बताया गया था कि ठढर खाताधारक व्यक्तिगत पेंशन खाते से एम्प्लॉयर योगदान को छोड़कर 25 फीसदी तक की रकम निकाली जा सकती है। इसके लिए खाताधारक को आवेदन करना होगा और वेरिफिकेशन के बाद ही राशि निकाली जा सकती है। भारतीय स्टेट बैंक इन दिनों स्पेशल होम लोन कैंपेन चला रहा है, जिसका फायदा 31 जनवरी 2024 तक ही लिया जा सकता था। 1 फरवरी से एसबीआई की यह योजना बंद हो जाएगी।

# जमीन घोटाला मामले में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गिरफ्तार

## हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री पद से दिया इस्तीफा

## चंपई सोरेन बने राज्य के नए मुख्यमंत्री

केटी न्यूज/रांची



रांची जमीन घोटाला मामले में बुधवार की रात ईडी ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया। ईडी अब गुरुवार को हेमंत सोरेन की कस्टडी के लिए अदालत में पेश करेगी। इससे पहले ईडी की हिरासत में लिए जाने के बाद हेमंत सोरेन ने बुधवार की देर शाम राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा सौंप दिया। गवर्नर ने उनका इस्तीफा स्वीकार भी कर लिया। हेमंत के इस्तीफे के तुरंत बाद महागठबंधन ने 43 विधायकों के साथ नई सरकार बनाने का दावा पेश किया। इधर हेमंत सोरेन के इस्तीफे के बाद ईडी उन्हें गिरफ्तार कर बुधवार की रात अपने दफ्तर ले गई। हेमंत सोरेन को रात तकरीबन 8.30 बजे राजभवन पहुंचे थे। रात आठ बजे हेमंत सोरेन ने सत्ता पक्ष के विधायकों से मुलाकात की। इसके बाद चंपई सोरेन को नेता विधायक दल के तौर पर चुना गया। हेमंत सोरेन के बाद अब चंपई सोरेन राज्य के नए मुख्यमंत्री होंगे।

इससे पहले बुधवार की दोपहर असिस्टेंट डायरेक्टर देवव्रत झा के नेतृत्व में ईडी की टीम पहुंची। जानकारी के मुताबिक, हेमंत सोरेन से ईडी ने दिल्ली आवास में छापेमारी के दौरान मिले 36 लाख रुपये के स्रोत के संबंध में जानकारी मांगी।

## सीआरपीएफ अफसर के घर में घुसा तेंदुआ वेंटिलेशन तोड़कर भागा

**सासाराम।** सासाराम में मंगलवार की रात सीआरपीएफ के असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर विजय कुमार के घर तेंदुआ घुस गया। परिवार के सभी 4 लोग घर की दूसरी मंजिल पर थे। नीचे वाले कमरे से सामान गिरने और अजीब सी आवाजें सुनकर सभी नीचे आए। नीचे वाले कमरे में तेंदुआ था। तेंदुए को देखकर सभी ने नीचे के सभी दरवाजों को बंद कर दिया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस की सूचना पर वन विभाग की रेस्क्यू टीम पहुंची। करीब ढाई घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चला। इस दौरान तेंदुआ बाथरूम में घुस गया और वेंटिलेटर तोड़कर भाग गया। तेंदुए के लिए अब सर्च अभियान चलाया जा रहा है। लोगों से अपील की गई है कि वे रात में नहीं निकलें। बच्चों-बुजुर्ग पर ध्यान रखें। जिस कमरे में तेंदुआ घुसा था घरवालों ने साहस दिखाते हुए उस कमरे को बंद कर दिया। फिर पुलिस को सूचना दी। डेहरी के क्षेत्रीय वन पदाधिकारी अपनी टीम के साथ रेस्क्यू में जुट गए।




## आइकॉन भोजपुरी बवाल के साथ कल्लू और शिल्पी राज ने जमा दी महफिल

# अरविंद अकेला कल्लू का गाना बंदूक की गूंज से मचा धमाल

केटी न्यूज/वाराणसी



युवा दिलों की धड़कन के नाम से मशहूर अभिनेता और सिंगर अरविंद अकेला कल्लू व सुरों की मलिका शिल्पी राज का नया धमाकेदार भोजपुरी गाना बंदूक की गूंज आज भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री में खूब सुनाई दे रही है। यह गाना रिलीज के साथ वायरल हो रहा है, जिसे वाराणसी में एक इवेंट के दौरान आइकॉन भोजपुरी बवाल ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया। साउथ इंडस्ट्री में अपनी पहचान बना चुके इस चैनल का यह पहला भोजपुरी गाना है, जो भोजपुरी में भी अपनी पारी का आगाज कर रही है।

गाने को लेकर कल्लू ने कहा कि बंदूक एक मस्ती धमाल के साथ स्वैग वाला गाना है। इसकी गूंज दूर तलक जाने वाली है। यह गाना मुझे बेहद मजेदार लगा और हमने इसकी शूटिंग भी बड़े पैमाने पर की। उन्होंने कहा कि आइकॉन भोजपुरी बवाल भले शुरूआत कर रही है, लेकिन अंदाज एकदम मंझे हुए हाउस की तरह है, जिसके साथ काम करके खूब मजा भी आया। कल्लू ने कहा कि यह चैनल भोजपुरी को मनोरंजन का एक अलग टेस्ट देने वाली है। इसलिए मैं सबों से आग्रह करूंगा कि आप हमारे इस गाने को खूब सुनें और अपना प्यार व आशीर्वाद दें।

वहीं, आइकॉन म्यूज़िक की एमडी, रशना पोचखानावाला ने कहा, हमारा दर्शन कलाकारों और उनके संगीत को प्रशंसकों के साथ जोड़ने और साथ ही संस्कृति को आकार देने में सक्रिय रूप से भाग लेने के इर्द-गिर्द घूमता है। उन्होंने बताया कि गाना बंदूक के गीतकार भागीरथ पाठक और संगीतकार शुभम राज एसबीआर हैं। गाने के म्यूजिक वीडियो में कल्लू के साथ सपना चौहान नजर आई हैं, जबकि कोरियोग्राफर प्रेम शर्मा और पी आर ओ रंजन सिन्हा हैं।

आइकॉन भोजपुरी बवाल भोजपुरी संगीत उद्योग के शीर्ष सितारों और प्रतिभाशाली नए कलाकारों के साथ विविध प्रकार के कलाकारों के साथ सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है। आईवीवाई एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड एक अंतरराष्ट्रीय मीडिया और मनोरंजन कंपनी है, जो प्रीमियम फिल्म्स के बिजनेस मूवी प्रोडक्शन, अधिग्रहण और लाइसेंसिंग में लगी हुई है। आईवीवाई के पास विजय, चिरंजीवी, पवन कल्याण, नानी, विक्रम, सूर्या, कार्थी, रवि तेजा, विजय देवराकोंडा, धनुष, वेंकटेश, विजय सेतुपति, विशाल, आर्य आदि जैसे सुपरस्टारों वाली 150 से अधिक हाई प्रोफाइल फिल्मों के विभिन्न अधिकार हैं।

# मखदुमपुर में मां ने लगाई डांट तो बेटी ने पंखे से लटककर दे दी जान

**केटी न्यूज/जहानाबाद**



जहानाबाद मखदुमपुर थाना क्षेत्र के पलैया गांव में उस समय सनसनी फैल गई, जब आठवीं क्लास में पढ़ने वाली 13 वर्षीय काजल कुमारी नामक लड़की ने पंखे से लटक कर आत्महत्या कर लिया। लड़की के पिता मुकेश कुमार ने बताया कि बेटी काजल कुमारी मंगलवार की शाम में स्नान कर रही थी। लड़की की मां ने उसे स्नान करने से मना किया लेकिन लड़की अपनी जिद पर अड़ी रही, इसी बात को लेकर मां ने उसे डांट फटकार लगाई। इसके बाद हम लोग किसी काम से घर से बाहर चले आए तभी कुछ देर बाद जब हम लोग अपने घर में वापस गए तो देखा कि बेटी पंखे से झूल रही है । किसी तरह आसपास के लोगों के सहयोग से लटके हुए पंखे से उसे नीचे उतारा गया लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मखदुमपुर के थाना अध्यक्ष रवि भूषण ने बताया कि एक लड़की की आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा की घटना का कारण क्या है उसके परिजन का कहना है कि लड़की को डांट फटकार करने के कारण आत्महत्या कर लिया है।

## इलाज के दौरान 3 वर्षीय बच्चे की मौत

**जहानाबाद।** जहानाबाद सदर अस्पताल में इलाज के दौरान 3 वर्षीय बालक अमित की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मखदुमपुर थाना क्षेत्र के नेर गांव के रहनेवाले अमित की 2 दिन पहले तबीयत बिगड़ गई। इधर-उधर इलाज कराया लेकिन वह ठीक नहीं हुआ। बुधवार को दोपहर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। लगभग 1 घंटे तक अस्पताल में भर्ती रहने के बाद उसकी मौत हो गई। इसके बाद इसके परिवार में कोहराम मच गया। परिवार जनों के रोते-रोते बुरा हाल है। परिवार का कहना है कि सदर अस्पताल के डॉक्टर द्वारा सही ढंग से इलाज नहीं किया गया जिसके कारण बच्चों की मौत हो गई। परिजन द्वारा डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया है। सदर अस्पताल अपने कारनामों के कारण लगातार सुर्खियों में रहता है। कभी डॉक्टर के लापरवाही के कारण मरीज की मौत हो जाती है तो कभी डॉक्टर नहीं रहने के कारण मरीज को रेफर किया जाता है।

## एक नजर

### डिजिटल तथा भौतिक रूप से मतदान केंद्रों पर इवीएम-वीवीपैट मशीनों का प्रदर्शन



**औरंगाबाद।** लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के तहत जिला पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी औरंगाबाद के निर्देश पर जिले के सभी मतदान केंद्रों पर मोबाइल डेमोस्ट्रेशन वैन द्वारा मतदाताओं को डिजिटल तथा भौतिक रूप से परिचय कराने एवं मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए ईवीएम वीवीपैट मशीनों का प्रदर्शन विगत 18 जनवरी से जारी है। इसी संदर्भ में मदनपुर प्रखंड के मध्य विद्यालय सलैया मतदान केंद्र पर ईवीएम का प्रदर्शन प्रशिक्षक जितेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर मौजूद प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमुद रंजन ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के लगभग 50 मतदान केंद्रों पर ईवीएम मशीन का प्रदर्शन किया जा रहा है, जिसमे मतदातों को वोट देकर दिखाया जा रहा है कि जिस अभ्यर्थी के सामने का नीला बटन दबाते हैं तो उससे संबंधित चुनाव चिन्ह की पर्ची वीवीपैट मशीन में सात सेकंड के लिए प्रदर्शित होता है जिसे देख कर मतदाता संतुष्ट होते हैं कि हमने जिस प्रत्याशी या पार्टी को वोट दिया वोट वहीं गया। इस मशीन पर कहीं से भी कोई संदेह नहीं किया जा सकता है। मतदान वाले दिन भी पोलिंग एजेंट के पास इसीलिए मॉक पोल कराया जाता है कि मशीन सही सही कार्य कर रहा है । ईवीएम मशीन पूरी तरह से सुरक्षित है। बैलट पेपर से मतदान होता है तो कई वोट मतदाताओं की गलती से रद्द भी हो जाते हैं, परंतु ईवीएम में एक भी वोट रद्द नही होता है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह जिला मुख्य प्रशिक्षक राजकुमार प्रसाद गुप्ता ने बताया की प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश मतदाताओं को ईवीएम से परिचित कराना तथा उन्हें मतदान के लिए जागरूक करना है। साथ ही लोगो में ईवीएम के सत्यता के प्रति कोई भ्रम है तो देख सकते हैं। इस मौके पर थानाध्यक्ष वेंकटेश्वर ओझा, मुखिया मनोज चौधरी, बिनोद सिंह, पिंटू सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता, रिंकू सिंह,बीएलओ ठाकुर अमरेश प्रसाद, शशिकांत कुमार तथा अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### पोल्ट्री फार्म में लगी आग, हजारों मुर्गे जले



**मखदुमपुर।** प्रखंड के सरेन गांव में एक पोल्ट्री फार्म में आग लगने के कारण हजारों की संख्या में मुर्गे के जलने की बात सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार सरेन गांव स्थित रवि रोशन महतो उर्फ पप्पू महतो मुर्गी के पोल्ट्री फार्म का कारोबार करते हैं। मंगलवार की देर रात पोल्ट्री फार्म संचालक अपने पोल्ट्री फार्म से घर आकर सो गए बुधवार की सुबह लोगों ने देख के पोल्ट्री फार्म जलकर खाक हो गया है लोगों द्वारा अनुमान लगाया जा रहा है। के शॉर्ट सर्किट के कारण पोल्ट्री फार्म में आग लगी होगी पोल्ट्री फार्म संचालक ने बताया कि उनके फार्म में लगभग 3 हजार बच्चे थे, जो सभी जलकर खाक हो गए हैं। उन्होंने बताया कि घटना में उन्हें 5 से 6 लख रुपए का नुकसान हुआ है। घटना के बाद मुखिया प्रतिनिधी सूरजदेव यादव, कारु यादव, सरजू यादव, संतोष महतो उर्फ राय जी, हुमायूं खान सहित कई लोगों ने घटना का दुख व्यक्त करते हुए सरकार से पीड़ित को मुआवजा देने की मांग की है।

## खबरें फटाफट

### दो बाइक की आमने-सामने हुई टक्कर में साला-बहनोई जख्मी

**औरंगाबाद।** दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में साला-बहनोई गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रायपुरा गांव की है। जानकारी के अनुसार साला - बहनोई एक बाइक से बाजार के लिए घर से निकले थे तभी उस गांव के समीप दो बाइक के आमने-सामने की टक्कर में दोनों गंभीर रूप से जख्मी हों गए। मौके पर स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को आनन-फानन में सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया।

### ओवरलोड बालू लदा हाइवा जब्त

**औरंगाबाद।** अवैध खनन एवं ओवरलोडिंग के विरूद्ध छापेमारी के दौरान पुलिस ने एक हाइवा जब्त किया गया है, यह कार्रवाई बड़ेम ओपी क्षेत्र अंतर्गत की गई हैं। संदर्भ में खनन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जुमार्ना लगाया गया है। थानाध्यक्ष की माने तो अवैध खनन और परिवहन तथा ओवरलोडिंग के विरूद्ध लगातार कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएंगी।

### शराब के साथ बाइक सवार युवक धराया

**औरंगाबाद।** वाहन जांच के क्रम में शराब के साथ बाइक सवार एक युवक को गिरफ़्तार किया गया है। यह कार्रवाई कुटुंबा थाना क्षेत्र में अंतर्गत महुआ धाम मोड़ के पास की गई। सदेह के आधार पर बाइक सवार युवक रोक कर तलाशी ली गई जिसमें एक बोरे से 62 लीटर देसी टनका शराब बरामद किया गया। इस दौरान सदर एसडीपीओ मो. अमानुल्लाह खां मौजूद रहे। संदर्भ में कांड दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। एसडीपीओ ने कहा है कि अवैध कारोबार के विरूद्ध विशेष अभियान जारी रहेगा। मामले में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## नारायणपुर थाना क्षेत्र के खेढ़ी गांव की घटना, मौके से पांच खोखे बरामद

# जमीन हड़पने के लिए नि:संतान भाभी को मारी गोली, बाल-बाल बचा महिला का पति

- हत्या की नीयत से दरवाजे के पीछे छुपे देवर ने की ताबड़तोड़ फायरिंग
- महिला बोली: जमीन लिखने को दबाव दे रहा था देवर, मना करने पर मार दी गोली

**केटी न्यूज/आरा**



नारायणपुर थाना क्षेत्र के खेढ़ी गांव में मंगलवार की देर रात एक युवक द्वारा जमीन हड़पने के लिए अपनी भाभी को गोली मार दी गयी। दरवाजे के पीछे छुपे युवक द्वारा भाभी पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी गयी। उसमें उसकी भाभी की दायें साइड सीने में गोली लग गयी, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गयी। जख्मी महिला खेढ़ी गांव निवासी जयराम यादव की 40 वर्षीय पत्नी सविता देवी है। उसका इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। गोली मारने का आरोप श्रीराम यादव और उसके साले सुमन कुमार पर लगा है। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपित भाग मौके से निकले। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मौके से पांच खोखे बरामद किया है। पुलिस मामले की छानबीन और आरोपितों की धरपकड़ में जुटी है। सविता देवी ने बताया कि उसके पति तीन भाई हैं। उसे बच्चे नहीं है। छोटे देवर रामबाबू यादव की शादी नहीं हुई। मांझिल श्रीराम यादव को तीन बच्चे हैं। तीनों भाइयों के बीच आठ बीघे जमीन और एक घर है। मांझिल देवर श्रीराम यादव पूरी जमीन हड़पने के फिराक में है। उसे लेकर वह अक्सर जमीन लिखने का दबाव देता है। जमीन नहीं लिखने पर जान मारने की धमकी भी देता है। मंगलवार की रात मौका देख उसने अपने साले के साथ मिलकर उसे गोली मार दी। इस मामले में इस मामले में जख्मी सविता देवी के पति जयराम यादव के बयान पर अपने मांझिल भाई श्रीराम यादव, चरपोखरी थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव निवासी उसके साले सुमन कुमार और ससुर सुरेश सिंह के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है।

आठ बीघे जमीन हड़पने को श्रीराम यादव की ओर से भाभी और भाई की हत्या की साजिश रची गयी थी। उसे लेकर उसने अपने साले सुमन कुमार के प्लानिंग की थी। उसके तहत वह शाम से घर मे ही घात लगा कर बैठा था। सविता देवी के अनुसार रात करीब साढ़े दस बजे वह पानी लेने आंगन में स्थित हैंडपंप पर जा रही थी। वह जैसे ही अपने बेडरूम से बाहर निकल रही थी, तभी घात लगाए देवर की ओर से ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी गयी। उसमे एक गोली तो उसे छूती निकल गई, जबकि दूसरी गोली उसके छाती में जा लगी। तब पति-पत्नी ने बेडरूम में स्थित एक बक्से के पीछे छुप कर अपनी जान बचाई। इधर, फायरिंग की आवाज से ग्रामीण हो-हल्ला मचाने लगे। उसके बाद देवर और उसके साले अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग निकले। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष राकेश कुमार पहुंचे और अपने स्तर से छानबीन की। बताया जा रहा है कि श्रीराम यादव ने जमीन हड़पने को खूनी वारदात को अंजाम देने से पहले अपनी बीबी और बच्चे को ससुराल भेज दिया था। ताकि प्लानिंग में कोई समस्या न हो।

## पूर्व के विवाद में हथियार के बल पर एक शख्स को धमकाने निकला बदमाश गिरफ्तार

**आरा।** मुफस्सिल थान पुलिस की सक्रियता से मंगलवार की रात अपराध की एक बड़ी वारदात टल गयी। पूर्व के विवाद में हथियार के बल पर एक शख्स को धमकाने निकले बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक देसी कट्टा और चार गोलियां भी बरामद की गयी है। गिरफ्तार बदमाश मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जगवलिया गांव निवासी शिवमुनि पासवान का पुत्र विजेंद्र पासवान है। उसका पहले से आपराधिक इतिहास रहा है। एसपी प्रमोद कुमार यादव की ओर से बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि मंगलवार की शाम सूचना मिली कि जगवलिया गांव निवासी कुछ अपराध कर्मी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए हथियार के साथ जमा हैं। उस पर थानाध्यक्ष राजीव रंजन सिन्हा के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी की गयी। तब टीम द्वारा हथियार और गोलियों के साथ विजेंद्र पासवान को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में विजेंद्र ने बताया कि उसे एक शख्स के साथ पूर्व में विवाद हुआ था। उसे को लेकर वह उस शख्स को धमकाने निकला था।

# पुलिस अधीक्षक ने अधीनस्थ पदाधिकारियों को दी विदाई

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**



स्थानांतरण पर पुलिस उपाधीक्षक रेणु कुमारी, पुलिस पदाधिकारी सहित पीटीसी के स्थांतरण को लेकर पुलिस केंद्र में विदाई- सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम द्वारा प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि स्थानांतरण नौकरी का हिस्सा है। अधिकारी या कर्मचारी जहां कहीं भी जाता है, वहां से कुछ न कुछ जरूर सीखता है। उन्होंने कहा कि अधिकारी को काम करने में तभी आनंद आता है, जब उनको वहां की जनता से सहयोग मिलता है। इन्होंने अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई। त्योहार व निर्वाचन कार्य को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के साथ विधि व्यवस्था बनाए रखने में भी पुलिस प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय के साथ दायित्वों को लेकर काफी सराहना की गयी। अपराध की घटनाओं का सफलतापूर्वक अनावरण करने में उनकी कार्यशैली अन्य पुलिस पदाधिकारियों के लिए प्रेरणा का काम करेगी। स्थानांतरित पुलिस पदाधिकारियों ने बताया कि उनके अधीनस्थ व साथी अधिकारियों व कर्मचारियों का पूरा सहयोग मिला है। जो भी उनको जिम्मेदारी सौंपी गई, उसको उन्होंने पूरी लग्न व ईमानदारी से पूरा करने का प्रयास किया। इस मौके पर सदर एसडीपीओ मो. अमानुल्लाह खान, पुलिस उपाधीक्षक (रक्षित) आकाश कुमार यादव एवं परिचारी प्रवर पुलिस केंद्र औरंगाबाद अन्य पदाधिकारी एवं कर्मीगण उपस्थित रहे।

# सड़क दुर्घटना में घायल कांस्टेबल को पांच साल बाद मिला सात लाख रुपए का मुआवजा

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**



सड़क दुर्घटना में जख्मी कांस्टेबल को करीब पांच साल बाद ज़िला जज अशोक राज ने मुआवजा से संबधित सात लाख रुपए का चेक प्रदान किया हैं। विदित हो कि बारुण थाना क्षेत्र अंतर्गत काजी चक गांव निवासी कामता प्रसाद के पुत्र बाइक सवार उमेश कुमार को कलेर थाना क्षेत्र अंतर्गत आमिर बिगहा के समीप स्कोर्पियो ने टक्कर मार दी थी जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हों गया था। उमेश पुलिस विभाग में कांस्टेबल के पद पर कार्यरत था। चेक प्रदान करते समय जिला जज ने संबधित राशि को परिवार के कल्याण में लगाने और इसका ज्यादा से ज्यादा सदुपयोग करने की बात कही, जिससे कि परिवार का भविष्य संवारने में किसी प्रकार की कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुकुल राम द्वारा बताया गया कि दिनांक 09.12 .2023 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना एक वाद को समझौते के आधार पर निस्तारण कराया गया था। सचिव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत वादों का निस्तारण सुलह के आधार पर कराने का एक सशक्त माध्यम है जिसमें सम्बन्धित को त्वरित न्याय प्राप्त होता है और बीमा कंपनी या पक्षकार से समझौते के उपरान्त प्राप्त चेक को पीड़ित को तत्काल प्रदान किया जाता है।

# बार एसोसिएशन की नामांकन प्रक्रिया हुई पूरी, नाम वापसी के बाद ही साफ होगी तस्वीर

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के कार्यसमिति चुनाव के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी वरीय अधिवक्ता महेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि ज़िला विधिज्ञ संघ में कार्यसमिति चुनाव 2024 में 27 पदों पर 60 अभ्यर्थियों ने नामांकन किया। नाम वापसी के बाद चुनावी तस्वीर साफ होगी।

अध्यक्ष पद के लिए परशुराम सिंह, अशोक कुमार सिंह, विजय कुमार पाण्डेय एवं रामप्रवेश ठाकुर नामांकन करवाया है। वहीं महासचिव पद हेतु जगनरायण सिंह, सतीश सिंह, नागेंद्र सिंह, अमरेन्द्र नारायण सिंह, नवीन कुमार, राजीव रंजन सिंह, अखिलेश कुमार, उपाध्यक्ष पद से उदय कुमार सिन्हा, अशोक कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, क्षितिज रंजन, अमित कुमार, ओंकार सिंह, सुर्दशन यादव, वरिष्ठ कार्यकरणी सदस्य पद पर यमुना प्रसाद सिंह, मो. अकमल हसन, महेश प्रसाद सिंह, अम्बुज सिन्हा, मनोज सिंह, विनय मिश्रा, राधे श्याम सिंह, मिथलेश कुमार, कोषाध्यक्ष पद से ग्रिजेश कुमार सिंह, सुजीत सिंह, प्रदीप कुमार, अजय कुमार, सुनील सिंह, संयुक्त सचिव पद पर देवीनंदन सिंह, प्रमोद सिंह, काली प्रसाद, दिलीप सिंह, अनील कुमार सिंह, सियाराम पांडे, शम्भू नाथ मिश्र, रामपरिखा सिंह, धीरेन्द्र कुमार सिंह, सहायक सचिव पद से संत सिंह, सतीश कुमार स्नेही, श्याम नंदन तिवारी, पवन सिंह एवं अनिल सिंह ने नामांकन करवाया है। अंकेक्षक पद से अनील सिन्हा, राजेश सिंह, निगरानी से अभय सिंह सिरंग, अनिल आशुतोष, हरेंद्र कुमार, पुस्तकालय अध्यक्ष पद से चंद्रकांता कुमारी, कार्यसमिति सदस्य पद से योगेश मिश्रा, नीरज सिंह, सुरेश प्रसाद, विनय द्विवेदी, धनश्याम ठाकुर, इम्तेयाज अंसारी, शशिभूषण कुमार, साकेत कुमार, संजय कुमार ने नामांकन करवाया है।







# इंटर परीक्षा आज से, जिले में बने 27 केंद्रों पर शामिल होंगे 20824 छात्र

- कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच होगी परीक्षा, सभी केन्द्रों पर लगे है सीसीटीवी कैमरे

**केटी न्यूज/बक्सर**



बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आहूत इंटरमीडिएट की परीक्षा आज से शुरू हो रही है। इस परीक्षा के सफल संचालन के लिए बिहार बोर्ड द्वारा जिले में कुल 27 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। जिसमें बक्सर अनुमंडल में 19 एवं डुमरांव अनुमंडल में आठ परीक्षा केंद्र शामिल हैं। इन केंद्रों पर कुल 20 हजार 824 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। जिनमें सदर अनुमंडल के केंद्रों के सभी 19 केंद्रों पर 15 हजार 498 और डुमरांव अनुमंडल के आठ परीक्षा केंद्रों पर 5 हजार 326 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। डुमरांव अनुमंडल में केवल छात्राओं की परीक्षा ली जाएगी। परीक्षा को कदाचार मुक्त संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। सभी परीक्षा केन्द्रों को सीसीटीवी कैमरे से लैस किया गया है। इसके अलावे केन्द्रों के अंदर वीडियोग्राफी भी करवाई जाएगी। जबकि परीक्षार्थियों को कई स्तरों की जांच से गुजरना होगा। परीक्षा को कदाचारमुक्त संपन्न कराने के लिए कई स्तरों पर दंडाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। सभी केन्द्रों पर निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। वही दंडाधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस बल भी तैनात रहेंगे। वहीं जिले में चार परीक्षा केन्द्रों को मॉडल परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जहां उत्सवी माहौल में परीक्षार्थियों का स्वागत वीक्षक करेंगे। इन केन्द्रों में जिला मुख्यालय में सेंट मेरी उच्च विद्यालय नया बाजार, नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय बाजार समिति रोड, एवं जेकेटी लॉ कॉलेज को मॉडल केंद्र बनाया गया है। वहीं डुमरांव में महारानी उषा रानी प्लस टू बालिका उच्च विद्यालय को मॉडल केंद्र बनाया गया है। इन केन्द्रों को दुल्हन की तरह सजाया भी गया है। ताकी परीक्षार्थियों को परीक्षा का टेंशन न हो।

### जूता-मोजा पहन कर परीक्षा दे सकेंगे परीक्षार्थी

कड़ाके की सर्दी को देखते हुए परीक्षा समिति ने अपने निदेर्शों में आंशिक बदलाव किया है। ठंड को देखते हुए बोर्ड ने परीक्षार्थियों को परीक्षा हॉल में जूता-मोजा पहनकर आने के लिए छुट दे दी है। इससे शीतलहर के दौरान परीक्षार्थियों को काफी सहुलियत मिली है। जूता-मोजा पर लगाई गई प्रतिबंध को हटा लिया गया है। परीक्षा कक्ष में परीक्षार्थियों के अलावा वीक्षकों को भी मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, समार्ट वॉच, मेडेनिक वॉच आदि ले जाने की अनुमति नहीं रहेगी।

### परीक्षा शुरू होने से 30 मिनट पहले सेंटर पर प्रवेश जरूरी

इंटरमीडिएट परीक्षा 1 फरवरी से 12 फरवरी तक संचालित होगी। जिसमें कला, विज्ञान, वोकेशनल व कार्मस संकाय की परीक्षा दो पालियों में ली जाएगी। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह साढ़े नौ बजे से दोपहर पौने एक बजे तक तथा दूसरी पाली की परीक्षा अपराह्न दो बजे से शाम सवा पांच बजे तक ली जाएगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से 30 मिनट पहले परीक्षा केंद्र में प्रवेश करना अनिवार्य है। देर से आने वाले परीक्षार्थी को परीक्षा से वंचित होना पडेगा। प्रवेश-पत्र एवं फोटो युक्त पहचान-पत्र लाने वाले परीक्षार्थियों को ही परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया जाएगा।

## एक नजर

### उप सचिव ने डुमरांव नगर परिषद कार्यालय का किया निरीक्षण, ईओ को लगाई फटकार



**डुमरांव।** बुधवार को नगर विकास विभाग के उप सचिव राहुल बर्मन ने डुमरांव नगर परिषद का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एसी डीसी बिल के अलावे स्वच्छता अभियान से संबंधित योजनाओं की पड़ताल की तथा डुमरांव में गंदगी की शिकायत मिलने पर ईओ अनिरूद्ध प्रसाद को फटकार लगाई। इस संबंध में जहां नगर परिषद प्रशासन व उप सचिव ने इसे रूटीन जांच बताया तो दूसरी तरफ पूर्व वार्ड पार्षद धीरज कुमार ने कहा कि डुमरांव के सार्वजनिक शौचालयों की बदहाली की शिकायत नगर विकास विभाग से की गई थी। इसी के आलोक में जांच की गई है। निरीक्षण के दौरान उप सचिव ने नगर विकास विभाग द्वारा स्वच्छता अभियान के लिए नगर विकास विभाग द्वारा भेजी गई राशि के खर्च का हिसाब विभाग को नहीं देने पर कड़ा ऐतराज जताया। उन्होंने हरेक माह निर्धारित समय पर यूसी बिल भेजने का निर्देश दिया। वही लोगों द्वारा डुमरांव में फैली गंदगी की शिकायत किए जाने पर उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान राज्य सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। उप सचिव ने कहा कि स्वच्छता अभियान को धरातल पर उतारना होगा तथा इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उप सचिव ने सार्वजनिक शौचालयों की सफाई पर ध्यान देने को कहा।

### तीन करोड़ 86 लाख से बनेगी कड़सर बुढ़ैला कुंवर पथ, विधायक ने किया शिलान्यास




**नावानगर।** स्थानीय प्रखंड के कड़सर-बुढैला कुंवर पथ के दिन बहुरने वाले हैं। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बुढ़ैला पुल से कड़सर स्थित एन एच 319 तक तीन करोड़ 86 लाख की लागत से बनने वाली सड़क का शिलान्यास विधायक अजीत कुमार उर्फ अजीत कुशवाहां ने बुधवार को किया। बताया जाता है कि इस कुंवर पथ की दूरी 3 किलोमीटर 270 मीटर है। जिसका निर्माण कार्य ग्रामीण सड़क विभाग द्वारा किया जाएगा। इधर शिलान्यास के दौरान क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक व सरपंच प्रतिनिधि सूरज यादव ने नारियल फोड़कर निर्माण कार्य की शुरूआत किया। बाद में कड़सर गांव में एक सभा किया गया। सभा में विधायक ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कुंवर पथ का निर्माण हमारी प्राथमिकता में था। 30 वर्ष से ज्यादा समय से इसके निर्माण की मांग की जा रही थी। हमने अपने चुनाव प्रचार के समय में ही ये वादा किया था, कि अगर हमें मौका मिला तो हम इसे प्राथमिकता के आधार पर बनाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास के लिए हमेशा वे प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने कहा छेरा नदी में चेकडैम का निर्माण, पुस्तकालय का निर्माण, सिंचाई के लिए समुचित बिजली के पोल तार को खेत तक पहुंचाने का कार्य के साथ साथ महिलाओं के लिये सार्वजनिक शौचालय के निर्माण के लिए भी हम प्रयासरत है । बता दें कि इस कुंवर पथ के निर्माण से कम दूरी एवं कम समय में प्रखंड मुख्यालय तक पहुंचने में क्षेत्र लोगों को सहुलियत होगी। मौके पर माले के प्रखंड सचिव बिरेन्द्र सिंह समेत कई अन्य मौजूद थे।

## खबरें फटाफट

### भाजपा ने चलो गांव की ओर अभियान की सफलता के लिए की बैठक

**केसठ।** भारतीय जनता पार्टी ने चुनावी समय में गांवों पर जोर देने का अभियान छेड़ा है। पार्टी ने इस अभियान का नाम चलो गांवों की ओर दिया है। इसी कड़ी में नया बाजार स्थित इंडियन पब्लिक स्कूल के प्रांगण में बुधवार को भाजपा प्रखंड मंडल कमेटी की बैठक का आयोजन मंडल अध्यक्ष रतन रावत के नेतृत्व में किया गया। बैठक में कार्यकताओं को गांव-गांव जाकर पार्टी व सरकार की नीतियों व योजनाओं के प्रचार-प्रसार का जिम्मा सौंपा गया। बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा जिला प्रवक्ता रिंकू सिंह और मंडल कार्यशाला प्रभारी सह जिला महामंत्री राजू यादव उपस्थित रहे। वही संचालन मंडल उपाध्यक्ष नंदजी यादव ने किया। उपस्थित अतिथियों ने कहा कि गांव चलो अभियान के माध्यम से हर बूथ पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता विस्तारक के रूप में गांव में जाकर शुरू की गई योजनाओं का प्रचार करेंगे। मौके पर पार्टी संगठन को लेकर भी चर्चा किया गया। बैठक में विनोद सिंह, संतोष दुबे, राकेश, प्रमोद कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

## सोहनी पट्टी में पेट्रोल पंप संचालक पर हुए हमले का पुलिस ने किया खुलासा

# 40 लाख हड़पने के लिए पेट्रोल पंप संचालक की हत्या कराना चाहता था पंप का मैनेजर

- घटना में शामिल पेट्रोल पंप के मैनेजर समेत तीन लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार
- घटना में प्रयुक्त हथियार व कारतूस बरामद, फरार अभियुक्तों के लिए हो रही है छापेमारी
- मैनेजर ने पांच लाख में दी थी सुपारी, पूर्व में भी उसी के इशारे पर हुआ था जानलेवा हमला, पुलिस ने दो दिन के अंदर किया उद्भेदन

**केटी न्यूज/बक्सर**

सोमवार की शाम सोहनी पट्टी में दरवाजे पर बैठे पेट्रोल पंप संचालक देवदत्त उपाध्याय उर्फ बबुआ उपाध्याय पर हुए जानलेवा हमले का पुलिस ने दो दिन के अंदर ही उद्भेदन कर लिया है। उस पर गोली चलवाने वाला कोई और नहीं बल्कि उसके पेट्रोल पंप का मैनेजर निकला। जबकि गोली चलाने वाले अपराधी सुपाड़ी किल्लर थे। मैनेजर ने पूर्व में प्रबंधक से लिए 40 लाख रुपए को हड़पने की नीयत से ही पांच लाख रूपए में उसकी सुपारी दी थी। पहली बार भी हमला उसी के इशारे पर हुआ था तथा अपराधियों को दो किश्तों में मैनेजर ने 60 हजार रूपए भी दिए थे।

### मैनेजर तथा गोली चलाने वाले भी सोहनी पट्टी के ही रहने वाले



खास यह कि मैनेजर तथा गोली चलाने वाले शूटर भी सोहनी पट्टी मुहल्ले के ही रहने वाले है। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर मैनेजर भवेश कुमार उर्फ तनु चौबे पिता रविन्द्र चौबे के साथ ही उसी मोहल्ले के जति चौधरी पिता राजेश चौधरी तथा इटाढ़ी थाना क्षेत्र के मठिला गांव निवासी सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव के पुत्र ऋषभ शेखर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने प्रबंधक के घर से घटना में प्रयुक्त एक देसी पिस्टल, एक मैगजीन तथा तीन एंड्रायड मोबाईल भी बरामद किया है। जबकि घटना में शामिल आरा टाउन के शुभम कुमार उर्फ रूखी पिता सुनील सिंह व सुमित कुमार पिता ज्ञानदेव की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। एसपी मनीष कुमार ने बुधवार को प्रेस वार्ता आयोजित कर इसकी जानकारी दी। एसपी ने बताया कि मामले के उद्भेदन के लिए सदर डीएसपी धीरज कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई थी। टीम में प्रशिक्षु डीएसपी अनिश राणा, नगर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार, औद्योगिक थानाध्यक्ष राजेश मालाकार, डीआईयू प्रभारी युसुफ अंसारी समेत कई अन्य पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया था।

### मैनेजर ने हिसाब में किया था 40 लाख रूपए का हेरफेर

एसपी ने बताया कि पेट्रोल पंप का मैनेजर भवेश ने देवदत्त के 40 लाख रूपए का हेरफेर किया था। हिसाब के बाद देवदत्त अपने पैसे के लिए मैनेजर पर दबाव बना रहे थे। जिस कारण उसने इन्हें रास्ते से हटाने के लिए ही पांच लाख रुपए में भाड़े के अपराधियों को सुपाड़ी दी थी। अपराधियों ने उनपर पहली बार 22 दिसंबर की शाम हमला किया था, तब अपराधियों की गोली मिस फायर हो गई थी तथा उन्हें घर के अंदर भागने का मौका मिल गया था। वही दूसरी बार सोमवार की रात फिर से उनपर गोली चलाई गई। गोली उनके पेट में लगी। लेकिन, इस बार भी उनकी जान बच गई।

**क्या कहते हैं एसपी:** पेट्रोल पंप संचालक पर जानलेवा हमला मामले का उद्भेदन कर लिया गया है। उनकी हत्या के लिए उनके मैनेजर भवेश उर्फ तनु चौबे ने ही पांच लाख की सुपाड़ी दी थी। वह उनके 40 लाख रूपए हड़पना चाहता था। इसी कारण उनकी हत्या कराना चाहता था। प्रबंधक समेत घटना में शामिल दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। फरार चल रहे दो अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

**– मनीष कुमार, एसपी, बक्सर**

## 54 हजार रूपए उचक्कई के मामले में चार घंटे तक परेशान रही पुलिस, पीड़िता ही निकली साजिशकर्ता



**केटी न्यूज/डुमरांव**

बुधवार को पुराना भोजपुर स्थित इंडियन बैंक में उचक्कई के एक मामले को लेकर पुलिस चार घंटे तक परेशान रही। बाद में जब 54 हजार रूपए की उचक्कई का आरोप लगाने वाले बाप बेटी के सामने पुलिस ने आरोपित युवक को ला खड़ा किया तो उसके होश उड़ गए तथा पीड़िता ने अपना बयान बदल दिया। जिसके बाद पुलिस ने उसे दुबारा ऐसी गलती नहीं करने की हिदायत दे छोड़ा। जानकारी के अनुसार बुधवार की दोपहर मझवारी के मिल्की डेरा निवासी सुमेश्वर यादव अपनी बेटी अनु के साथ इंडियन बैंक से एक लाख रूपए की निकासी किए। इसके कुछ देर बाद ही लड़की ने उसमें से 54 हजार रूपए गायब होने का आरोप लगा दी। जिसकी जांच करने पहुंची पुलिस ने जब पड़ताल शुरू की तथा बैंक के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला तो एक युवक दिखाई पड़ा। जिसकी शिनाख्त नावाडेरा के युवक के रूप में हुई। तब पीड़िता ने डीएसपी के सामने बताया था कि वह चार हजार रूपए का चेंज देने के बहाने मेरे 54 हजार रूपए लेकर भाग गया।

हालांकि बाद में जब पुलिस ने उस युवक को पकड़ नया भोजपुरी ओपी लाया तथा पीड़ित सुमेश्वर यादव व उसकी लड़की अनु को उसके सामने किया तो वह अपने बयान से मुकर गई और बताई कि वह खुद टेम्पो से घर जा 54 हजार रूपया रख आई है। उसके पूरे पैसे मौजूद है। युवती के इस पलटवार के बाद आरोपित युवक के जान में जान आई। हालांकि बाद में पुलिस ने उसे समझा बुझाकर छोड़ दिया। जबकि आरोपित किए गए युवक को भी घर भेज दिया गया। इस घटना के बाद कई सवाल खड़े हो रहे है। सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि बैंक में डीएसपी के सामने रूपए गायब होने की बात कहने वाली युवती आखिर कैसे अपना बयान बदल दी तथा पुलिस ने उस पर फाल्स आरोप लगाने के जुर्म में एफआईआर दर्ज क्यों नहीं करवाया। इस घटना को ले कई तरह की चर्चाएं हो रही है।

**क्या कहते हैं डीएसपी:** युवती ने रूपए गायब होने का अफवाह उड़ाई थी। वह अपने पिता के पैसे का हेरफेर करना चाहती थी। जिस युवक पर रूपया लेकर भागने का आरोप लगा था उसे पकड़ युवती के सामने किया गया तो वह अपने बयान से मुकर गई।

**– अफाक अख्तर अंसारी, डीएसपी, डुमरांव**

## जिलाधिकारी ने चौसा युद्ध स्थल के सौंदर्यीकरण कार्य की गुणवत्ता परखी



**केटी न्यूज/बक्सर**

बुधवार को डीएम अंशुल अग्रवाल ने चौसा युद्ध स्थल का पर्यटन विभाग के द्वारा किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य को ससमय गुणवत्तापूर्ण पूर्ण करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिए और कहा कि काम में मानकों की अनदेखी तथा लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इसके अलावे डीएम ने चौसा मोहनिया पथ के चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण भी किया। जबकि निकृष पंप योजना कार्य के निरीक्षण के दौरान डीएम ने असंतोष व्यक्त करते हुए कार्य को यथा शीघ्र पूर्ण करने एवं विभागीय नियमानुसार कार्य करने का संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। डीएम के इस निरीक्षण से हड़कंप मचा रहा। बता दें कि चौसा का युद्ध स्थल का ऐतिहासिक महत्व है। इस जगह को पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करने के लिए पर्यटन विभाग सौंदर्यीकरण का काम करवा रहा है। डीएम के निरीक्षण के दौरान जिला भू अर्जन पदाधिकारी, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी डुमरांव, प्रखंड विकास पदाधिकारी चौसा एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## शहरी स्वास्थ्य एवं शहरी स्लम बस्तियों में स्वास्थ्य सेवा को सुदृढ़ करने को लेकर हुई चर्चा

# स्वास्थ्य नेटवर्क को मजबूत करने में यूएलबी की भूमिका होगी अहम: सीएस

**केटी न्यूज/बक्सर**



स्वास्थ्य विभाग के राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के तहत को जिला मुख्यालय स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में अर्बन लोकल बॉडी (यूएलबी) उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत शहरी स्वास्थ्य एवं शहरी स्लम बस्तियों में स्वास्थ्य सेवा तथा स्थानीय नगर परिषद, स्थानीय वार्ड पार्षद, जन आरोग्य समिति के सदस्यों के सहयोग से सुविधाओं और सेवाओं को गति प्रदान करने के उद्देश्य से यूएलबी को जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद्र सिन्हा, डीपीएम मनीष कुमार, सदर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मिथिलेश सिंह व नगर परिषद नगर प्रबंधक मृत्युंजय कुमार ने संयुक्त से किया। सिविल सर्जन ने कहा कि शहरी स्तर पर प्राथमिक और माध्यमिक स्वास्थ्य नेटवर्क को मजबूत करने की बहुत जरूरत है। जिसको पूरा करने में यूएलबी की भूमिका सबसे अहम होगी। स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने में शहरी स्थानीय निकायों की भागीदारी से स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति में काफी सुधार होगा। साथ ही यह शहरी निवासियों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक किफायती और सुलभ बनाएगा। स्वास्थ्य विभाग और यूएलबी के संयुक्त रूप से काम करने से शहरी आबादी के लिए अधिक टिकाऊ, स्वस्थ और सुरक्षित शहरी वातावरण तैयार होगा। उन्होंने नगर प्रशासन और यूएलबी सदायों से बेहतर स्वास्थ्य देखभाल वितरण में कमियों को दूर करने की अपील की। साथ ही, शहरी स्वास्थ्य देखभाल तंत्र को मजबूत करने तथा अधिक सहयोग के निर्माण के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं पर विचार-विमर्श और इन्हें आपस में साझा करने को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में डीपीएम मनीष कुमार ने राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन की आवश्यकता एवं महत्व पर चर्चा करते हुए मिशन द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।






# 2022 में जिसका था नाम, नई मतदाता सूची में कर दिया गायबः संग्राम

**केटी न्यूज/ बलिया**



देश और प्रदेश कि सत्ता पर काबिज भाजपा सरकार लोकतंत्र एवं संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों का अपहरण कर सत्ता पर बने रहना चाहती है। यह बातें फेफना विधायक एवं समाजवादी पार्टी के नवागत जिलाध्यक्ष संग्राम सिंह यादव ने बुधवार को अपने जलालपुर स्थित आवास पर पत्रकारों के समक्ष कही।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि मतदाता सूची पुनर्निरीक्षण के बाद जो नई मतदाता सूची जारी किया गया है, उसमें व्यापक अनियमितता हुई है। विधान सभा चुनाव 2022 के दौरान जिन लोगों का नाम मतदाता सूची में था उन लोगों का भी नाम काट दिया गया है। विशेषरूप से समाजवादी पार्टी के समर्थन वाले बूथों और गाँवों में सपा समर्थक मतदाताओं को चिन्हित करके उनका नाम काटा गया है। जो लोकतंत्र एवं संविधान द्वारा प्रदत अधिकारों के अपहरण के समान है। कहा कि थाने और पुलिस चौकियां भाजपा कार्यकर्ता की तरह काम कर रहे हैं। सपा कार्यकताओं को उनके द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है और फनी मुकदमों में फसाने की धमकी भी दी जा रही है। जिला चिकित्सालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के चिकित्सालयों की खस्ताहाल स्थिति है। कहीं भी आवश्यकता के अनुपात में चिकित्सक नहीं है, दवाइयों का अभाव है और जिला चिकित्सालय एक रेफरल हॉस्पिटल बन कर रह गया है। जिससे मरीजों को छोटी-छोटी बिमारियों के इलाज के लिए अन्य जनपदों में जाना पड़ रहा है। जिस कारण उनका आर्थिक और मानसिक शोषण हो रहा है। जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि बिजली बिल बकाया वसूली के नाम पर गरीब किसानों एवं आमजनों को प्रताड़ित किया जा रहा है। कभी एफआईआर दर्ज कराया जा रहा है तो कभी आरसी काटा जा रहा है। इन सब के कारण गरीब एवं आम जनमानस मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रहा है। वर्तमान में जनपद की अच्छी सड़कों को पाईप या तार डालने के नाम पर खुदाई कर छोड़ दिया गया है। जिससे राहगीरों को परेशानी हो रही है और दुर्घटनाएं भी अधिक हो रही है, जिसके लिए सरकार सीधे-सीधे जिम्मेदार है। इस अवसर पर महासचिव बीरबल राम, उपाध्यक्ष/प्रवक्ता सुशील पाण्डेय कान्हजी, शशिकांत चतुर्वेदी, कंचन भारती, राजेंद्र यादव,अनिल राय,दिनेश यादव, रोहित यादव आदि उपस्थित रहे।

### मेडवराकला की सड़क व अस्पताल दोनों बदहाल

दिल्ली की पीड़िता बेटी निर्भया जो जनपद के मेडवरा कला की निवासी थी, हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश सिंह यादव उनके गाँव आये थे, वहां तक की सड़क और हास्पिटल बनवाए। आज सड़क और हास्पिटल दोनों की दशा दयनीय है, लेकिन सरकार का उस पर कोई ध्यान नहीं है।

**फेफना को ब्लॉक बनाने की विस में उठाएंगे मांगः** फेफना को ब्लाक बनाने की मांग करते हुए कहा कि इसके लिए मैं विधानसभा में भी आवाज उठाऊंगा। जनेश्वर मिश्र सेतु को बिहार के बक्सर-पटना मार्ग से जोड़ने की भी मांग की।

## एक नजर

### अपराधियों पर रहेगी तीसरी आंख की नजर

**पीडीडीयू नगर(चंदौली)।** नगर क्षेत्र में अपराध करने वालों पर नजर रखने के लिए क्षेत्र के प्रमुख चौराहों, सब्जी मंडी, वीआईपी रेलवे गेट आदि स्थानों पर हाईटेक सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। जिससे अपराध कर भागने वाले बदमाशों पर तीसरी नजर रहेगी। जिससे शीघ्र ही अपराधी पकड़े जाएंगे। नगर सहित जिले में बढ़ रहे अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए यातायात निदेशालय व स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र के प्रमुख चट्टी चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाई जा रहे हैं, जिससे बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाया जा सकता है। इस बाबत यातायात प्रभारी संजय यादव ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप यातायात निदेशालय लखनऊ से 20 हाईटेक सीसीटीवी कैमरे भेजे गए हैं। जिसे व्यस्ततम चौराहों,मुख्य बाजारों, सब्जी मंडी , जीटी रोड स्थित वीवीआईपी रेलवे गेट,गोधना चौराहा, आलमपुर, कचहरी रोड पर चोर उचक्के बदमाशों पर तीसरी आंख की नजर होगी।एक दो दिन में बीसों कैमरे लगा दिए जाएंगे। शासन से आगे और भी सीसीटीवी कैमरे आने पर स्थानों को चिन्हित कर लगाया जाएगा। वहीं मुगलसराय कोतवाली पुलिस के द्वारा विभिन्न स्थानों पर छह सीसीटीवी कैमरा लगाये गए हैं। जिससे बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाया जा सकता है।

### आरपीएफ बाल संरक्षण इकाई ने डीडीयू जंक्शन से किया चार बच्चों को रेस्क्यू

**पीडीडीयू नगर (चंदौली)।** रेलवे सुरक्षा बल, डीडीयू के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार रावत तथा बाल संरक्षण अधिकारी किशन कुमार वर्मा के नेतृत्व में, रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डीडीयू, बाल संरक्षण ईकाई, चन्दौली तथा एन्टी ह्यूमन ट्रेफिकिंग यूनिट चन्दौली के द्वारा पंडित दीन दयाल उपाध्याय स्टेशन एवं इसके आस-पास रहने वाले जरूरतमंद बच्चों को राहत एवं बचाव हेतु पुनर्वास योजना के दृष्टिगत एक रेस्क्यू अभियान चलाकर कुल चार नाबालिक बच्चों को रेस्क्यू किया गया। रेस्क्यू किये गये उपरोक्त सभी बच्चों को अग्रिम कार्यवाही हेतु चाइल्ड लाइन, डीडीयू स्टेशन को सुपुर्द किया किया गया। उपरोक्त अभियान में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डीडीयू के उप निरीक्षक निशांत कुमार ,कस्बा चौकी मुगलसराय से प्रभारी हरिकेश एवं जगतधारी, बाल संरक्षण ईकाई के अंकित सिंह, भईया लाल,एन्टी हयूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, चन्दौली राम जी धुसिया, शिव कुमार, कार्तिक चौधरी तथा शिल्पी सिंह काउंसलर बाल संरक्षण ईकाई मौजूद रहे।

### टायर फटते ही एनएच की बाउंड्री से टकराई ट्रक



**चंदौली।** कस्बा पुलिस चौकी के समीप नेशनल हाईवे पर मंगलवार की देर रात तेज रफ़्तार ट्रक का टायर ब्लास्ट हो गया, जिससे अनियंत्रित ट्रक हाईवे पर लगी रेलिंग को क्षतिग्रस्त कर बीचों बीच फंस गयी। घटना में चालक मौके से कूद कर फरार हो गया,वहीं ट्रक में बैठा खलासी गभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद नेशनल हाईवे पर कुछ घंटे के लिए यातायात बाधित हो गया। सदर कोतवाली पुलिस ने तत्काल क्लीनर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया. जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त ट्रक आलू लादकर मुगलसराय की तरफ से बिहार की तरफ जा रहा था। जैसे ही वह नगर के पुलिस चौकी के समीप पहुंचा कि अचानक उसका टायर ब्लास्ट हो गया और अनियंत्रित हो कर हाईवे पर बनी सीमेंट की रेलिंग से टकरा गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल घायल खलासी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहा उसका इलाज चल रहा है।

### लटिया महोत्सव कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर

**गाजीपुर।** यूपी-बिहार बार्डर पर जमानियां तहसील क्षेत्र के लटिया गांव में आगामी दो फरवरी को होने वाले लटिया महोत्सव कार्यक्रम की तैयारियां जोरों से चल रही है। इस बार महोत्सव में उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़ और दिल्ली से लाखों से अधिक लोगों के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। आयोजन समिति के अध्यक्ष धनंजय मौर्य एवं ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि संतोष कुशवाहा ने बताया कि कार्यक्रम सम्राट अशोक क्लब के तत्वावधान में प्रतिवर्ष आयोजित होता है। कार्यक्रम स्थल पर उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, दिल्ली आदि प्रांत से आने वाले लोगों को परेशानी न हो इसकी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। पार्किंग, मंच सहित आगंतुकों के ठहरने आदि के लिए स्थान पर कार्य चल रहा है। जिसे समय रहते पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि हर वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष अधिक लोगों के आने की संभावना है। यही कारण है कि समिति के सदस्य छोटी-छोटी जरूरत पर भी पैनी नजर बनाए हुए है। पुलिस प्रशासन और तहसील प्रशासन की ओर से एक तारीख को मुआयना की जाएगी। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शांतिपूर्ण ढंग से कार्यक्रम सफल होगा। बताया जाता है कि सम्राट अशोक क्लब के तत्वाधान में आयोजित होने वाले लटिया महोत्सव को सफल बनाने को लेकर बुधवार को क्लब के सदस्यों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।

## खबरें फटाफट

### मऊ के नए डीएम ने संभाला कार्यभार



**मऊ।** नवागत जिलाधिकारी प्रवीण मिश्रा ने जनपद के नए जिलाधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। मूल रूप से प्रयागराज के निवासी प्रवीण मिश्रा पीसीएस संवर्ग के अधिकारी हैं, जिन्हें 2012 में आईएएस कैडर एलॉट हुआ। जनपद में जिलाधिकारी पद पर नियुक्ति के पूर्व प्रवीण मिश्रा जनपद बिजनौर में सीडीओ के पद पर कार्य कर चुके हैं।इसके अलावा एसीईओ नोएडा एवं विशेष सचिव नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश शासन तथा संयुक्त प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश जल निगम ग्रामीण लखनऊ के पद पर भी उन्होंने कार्य किया है।

### संपत्ति बंटवारे के विवाद में भतीजे की ले ली जान, कोहराम

**गाजीपुर।** जमीन विवाद में एक युवक की हत्या कर दी गई है। मामला सदर कोतवाली क्षेत्र के बबेड़ी गांव का है, जहां रहने वाले श्रीनाथ और अशोक सगे भाई हैं।बताया जा रहा है कि दोनों के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। जमीन विवाद में दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। मारपीट में अशोक के बेटे की मौत हो गई।मृतक के पिता ने ताऊ और चचेरे भाई पर हत्या का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

### डिवाइडर से टकरा दो छात्र घायल

**चंदौली।** दुलहीपुर क्षेत्र के अंतर्गत डांडी के समीप मुगलसराय से आ रहे मोटरसाइकिल सवार मोहम्मद साकिब अली 20 वर्ष व आबिद अली 20 वर्ष बहादुरपुर निवासी डिवाइडर से टकरा कर घायल हो चीखने चिल्लाने लगे। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने निजी हास्पिटल मे भर्ती कराया।जहां साकिब कि हालत गंभीर होने पर वाराणसी के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया।

### सुनील बिंद हत्याकांड में दो गिरफ्तार

**गाजीपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान व वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर व सीओ सिटी की देखरेख में ग्राम बिरहिमाबाद बबेडी थाना कोतवाली के फरार चल रहे अभियुक्त श्रीनाथ बिन्द पुत्र स्व. रामकिशुन बिंद, सतीश बिंद पुत्र श्रीनाथ बिन्द निवासीगण बिरहिमाबाद बबेडी के बेटे सुनील कुमार (22) द्वारा भैंस रास्ते में बांधने से मना करने पर अभियुक्तगण द्वारा गाली गलौज देते हुए मारना पीटना एवं इस घटना में वादी के पुत्र सुनील बिंद की मृत्यु होने के कारण थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0 42/2024 की धारा 304,323 व 504 दर्ज किया गया था।

### नंदगंज थाना क्षेत्र के कुसम्ही कला के पास घात लगाए बैठे बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम

# गाजीपुर में सपा नेता की गोली मारकर हत्या, गुस्साए लोगों ने किया सड़क जाम

**केटी न्यूज/ गाजीपुर**





नंदगंज थाना क्षेत्र के कुसम्ही कला पुलिया के पास बुधवार को बुलेट सवार सपा नेता की बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। वह बच्चों की फीस जमा करने के लिए सेंट जांस स्कूल गए थे। घटना से आक्रोशित ग्रामीण शव लेकर शादियाबाद चौराहे पहुंचे और जाम लगा दिए। इसके कुछ देर बाद शव लेकर रामपुर बंतरा तिराहा पर पहुंचकर शव जाम लगाकर आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग करने लगे। पुलिस ग्रामीणों एवं परिजनों को समझाने-बुझाने में जुटी रही, लेकिन मांग को लेकर धरना जारी है।

इलाके के अतसुआ निवासी अमलधारी यादव (40) परिवार के साथ शहर के भुतहियाटांड स्थित शिवपुरी कॉलोनी में किराए के मकान में रहते थे। वह सुबह बच्चों की फीस जमा करने के लिए सेंट जांस स्कूल गए थे। वहां से वह बुलेट से अतरसुआं स्थित घर जा रहे थे। अभी वह कुसम्ही कला गांव के पुलिया के पास पहुंचे ही थे कि बदमाशों ने उन्हें गोली मार दी। वारदात को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गए। इधर आस-पास के लोग गोली की आवाज सुनकर घटना स्थल पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल अमलधारी यादव को



उपचार के लिए न्यू पीएचसी लेकर आए, जहां से चिकित्सकों ने सैदपुर सीएचसी रेफर कर दिया। हालत गंभीर होने पर सीएचसी के चिकित्सकों ने उन्हें वाराणसी रेफर कर दिया।

औड़िहार पहुंचते ही अमलधारी यादव की मौत हो गई। परिजन एवं ग्रामीण शव लेकर शादियाबाद थाने पहुंचे और जाम लगा दिया। पुलिस काफी समझाने के साथ शव को कब्जे में लेने का प्रयास करती रही, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद शव लेकर ग्रामीण रामपुर बंतरा तिराहे के पास पहुंचे और वाराणसी- गाजीपुर मार्ग जाम कर दिया। साथ ही आरोपियों को दबोचने की मांग पर अड़ गए।

सपा नेता अमलधारी यादव अतरसुआ गांव के ग्राम प्रधान के चाचा थे। एसपी ओमवीर सिंह ने कहा कि परिवार वालों का आरोप है कि पूर्व प्रधान और उसके सहयोगियों ने इस वारदात को अंजाम दिया है। दोनों परिवारों में पुरानी रंजिश चली आ रही है। पहले भी हत्या हो चुकी है। परिवार की तहरीर के अनुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में फर्जीवाड़ा करने वाला अधिकारी निलंबित

- मंत्री के निर्देश पर अधिकारी और 8 फर्जी लाभार्थियों पर एफआईआर दर्ज
- डीएम द्वारा गठित कमिटी की जांच में हुआ खुलासा

**केटी न्यूज/ बलिया**

मनियर में 25 जनवरी को हुए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में अपात्रों को लाभ दिए जाने के मामले को समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) श्री असीम अरुण ने गंभीरता से लिया है और जांच का आदेश दिया। जांच के बाद आरोपी सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) सुनील कुमार यादव को समाज कल्याण निदेशक ने बुधवार को निलम्बित किया। इसके साथ ही आरोपी अधिकारी सहित सभी 8 अपात्र लाभार्थियों के खिलाफ धारा 419, 420 और 409 के तहत मुकदमा भी दर्ज कराया गया है।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम में आरोपी सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) श्री सुनील कुमार यादव ने ग्राम पंचायत मानिकपुर से अर्चना, रंजना, सुमन को शामिल करवाया। इसी तरह ग्राम पंचायत सुल्तानपुर से प्रियंका, सोनम, पूजा, सन्जू और रमिता का भी विवाह 25 जनवरी को संपन्न हुआ। इन सभी का सत्यापन आरोपी अधिकारी सुनील कुमार द्वारा किया गया था। जांच के दौरान खुलासा हुआ कि सन्जू का विवाह 3 वर्ष पहले जबकि पूजा का विवाह एक वर्ष पूर्व हो चूका है। इसके अतिरिक्त अर्चना, रंजना, सुमन, रमिता और प्रियंका का विवाह वर्ष 2023 में हो चुका है।

**विवाह तय नहीं, बना दिया लाभार्थीः** जांच में सामने आया कि सोनम का अभी विवाह तय ही नहीं है इसके बावजूद उसे लाभार्थी के रूप में शामिल किया गया। जिलाधिकारी बलिया के निर्देश पर हुई जांच में इसका खुलासा होने के बाद सभी 9 आरोपियों के खिलाफ 30 जनवरी को बलिया में रिपोर्ट दर्ज करवाई गयी है। समाज कल्याण मंत्री श्री असीम अरुण ने प्रशासनिक जांच और एफआईआर की जांच दोनों में त्वरित कार्यवाही करने का निर्देश दिया है।

## उचक्कों ने डंडे से मारा, ट्रेन से नीचे गिरा यात्री, कटा पैर

**चंदौली।** वाराणसी से रांची जा रही रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस में जनरल कोच के गेट पर खड़े होकर यात्रा कर रहे युवक पर अवधूत भगवान राम हाल्ट के समीप रेलवे ट्रैक पर टहल रहे उचक्कों ने मोबाइल छीनने के लिए डंडे से हमला कर दिया। हमले के बाद मोबाइल बचाने के चक्कर में युवक ट्रेन से नीचे गिर पड़ा और ट्रेन की चपेट में आने से युवक का पैर कट गया। बंद हो चुके अवधूत भगवान राम हाल्ट के पास उचक्कों का गिरोह सक्रिय हो गया है। ये लोग वाराणसी से आने जाने वाले ट्रेनों में गेट पर खड़े यात्रियों पर डंडे से हमला कर मोबाइल फोन छीन लेते हैं। झारखंड के डाल्टेनगंज निवासी अजय पुत्र बनवासी साव पिछले दिनों वाराणसी में अपने दोस्त की शादी में शामिल होने आया था। शादी के बाद वह बुधवार को बनारस रांची इंटरसिटी पर सवार होकर डाल्टेनगंज के लिए चला था। इस बीच रेलवे ट्रैक पर घूम रहे उचक्कों ने ट्रेन के गेट पर खडे होकर मोबाइल से बात कर रहे अजय पर डंडे से हमला कर दिया।

## विकास की पोल खोलने निकले पूर्व विधायक अचानक नदी में गिर पड़े

**केटी न्यूज/चंदौली**



जिले में हुए विकास कार्यों की पोल खोलने गांव में पहुंचे सपा के पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू पूर्व विधायक नदी में गिर पड़े। हुआ यूं कि पूर्व विधायक को जब पता चला कि मुगलसराय विधानसभा क्षेत्र के बिंदपुरवां के स्कूली बच्चे जान-जोखिम में डालकर पेड़ की डाली के सहारे नदी पार कर स्कूल पढ़ने के लिए मुस्तफापुर जाते हैं,तो वे इसकी पुष्टि करने उक्त गांव में पहुंच गए और पेड़ की डाली के सहारे नदी पार करने का प्रयास करने लगे। इस दौरान संतुलन बिगड़ने से वे नदी में गिर पड़े। ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल तक जाने के लिए गड़ई नदी में पुल का निर्माण नहीं कराया गया है। ऐसे में नदी तट पर गिरे हुए पेड़ों के तनों के सहारे छोटे-छोटे स्कूली बच्चों व ग्रामीणों का आवागमन होता है, जो जोखिम भरा है। बावजूद इसके शिक्षा पाने की पढ़ाई की ललक के साथ बच्चे ये जोखिम हर दिन सुबह-शाम उठाते हैं। अब तक हुए हादसों में कई बच्चे दुर्घटना का शिकार भी हो चुके हैं, बावजूद इसके स्थानीय प्रशासन व जनप्रतिनिधि उक्त स्थान पर पुल बनाने के अब तक गंभीर नहीं हुए।

क्षेत्र भ्रमण के दौरान बिंदपुरवां गांव पहुंचे सैयदराजा के पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू ने जब बच्चों को पेड़ों के तनों से होकर गड़ई नदी को पार करते हुए देखा तो हतप्रभ रह गए। उन्होंने जब ग्रामीणों से इसकी वजह पूछी तो ग्रामीणों ने गांव में स्कूल का ना होना प्रमुख कारण बताया। कहा कि गड़ई नदी पर पुल होता तो उन्हें कोई दिक्कत नहीं होती, लेकिन आसपास नदी पर पुल नहीं होने के कारण जान जोखिम डालना मजबूरी है। बताया कि यदि यह जोखिम न उठाते तो बच्चे पढ़ नहीं पाएंगे।

### आधुनिक सुविधाओं से होगा लैस, इसमें पुस्तकों के साथ लगाई जाएगी एलईडी टीवी

# आकांक्षी जिला चंदौली में बनाई जाएंगी 200 डिजिटल लाइब्रेरी

**केटी न्यूज/ चंदौली**

चंदौली जिले में नगरीय क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में 200 के करीब डिजिटल लाइब्रेरी का निर्माण किए जाने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए करीब 4 लाख रुपये तक की लागत लगाकर एक लाइब्रेरी बनाने की योजना बनाई जाएगी। साथ ही लाइब्रेरी में 100 से अधिक लोगों को आधुनिक तकनीकी से पढ़ने की सुविधा दिलाई जाएगी। गौरतलब है की चन्दौली आकांक्षी जनपदों में शामिल है,और शिक्षा उसके प्रमुख इंडिकेटर्स में शामिल है। सरकार के इस डिजिटल से पहल से जिले में शिक्षा के स्तर में व्यापक बदलाव देखने को मिलेगी। विदित है कि ऐसी लाइब्रेरी के निर्माण और स्थान चयन के लिए डीएम की अध्यक्षता



में समिति गठित की गई है, जिसके नोडल सीडीओ की निगरानी में जिला विद्यालय निरीक्षक लाइब्रेरी के निर्माण के लिए स्थान की तलाश करा रहे हैं। चंदौली की 734 ग्राम पंचायतों और 4 नगर निकायों के वार्ड में एक लाइब्रेरी का निर्माण किया जाएगा। पहले चरण में 100 के करीब लाइब्रेरी का निर्माण करीब 4 लाख रुपये की लागत से बनाने की योजना है। अधिकारियों ने बताया कि केंद्र आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। इसमें पुस्तकों के साथ एलईडी टीवी लगाई जाएगी।

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. जयप्रकाश सिंह ने बताया कि जिले के सार्वजनिक और शैक्षणिक संस्थानों में डिजिटल लाइब्रेरी खोलने की योजना है। जिसके निर्माण के लिए जमीन और स्थान की तलाश की जा रही है। इसमें प्रति केंद्र पर स्मार्ट एलईडी टीवी 32 इंच पर 25 हजार, दो टैबलेट डिवाइस पर 30 हजार, नेटवर्किंग व डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर पर 25 हजार, एक लाख रुपये फर्नीचर और वायरिंग पर खर्च किए जाएंगे।

### क्या होती है डिजिटल लाइब्रेरी

डिजिटल लाइब्रेरी का अर्थ सामान्य रूप से एक कम्प्यूटराइज्ड सिस्टम है, जिसके द्वारा लोग इलेक्ट्रॉनिक रूप से एकीकृत एवं संगठित सूचना भण्डार तक पहुँच सके एवं उसे जान सके। इस लाइब्रेरी का तात्पर्य इलेक्ट्रॉनिक लाइब्रेरी से है, जिसमें सूचनाओं का संग्रहण डिजिटल या तुल्यरूप आकार से किया गया हो। डिजिटल लाइब्रेरी का उपयोग करने के फायदों में सामग्रियों के विस्तृत संग्रह तक पहुंच, बढ़ी हुई सुविधा शामिल है क्योंकि उपयोगकर्ता इंटरनेट कनेक्शन के साथ कहीं से भी लाइब्रेरी तक पहुंच सकते हैं।





